देश के विकास में आइआइएम के छात्रों का अहम योगदान

प्रोफेसर को सम्मानित करते निदेशक डा. शैलेंद्र सिंह • जागरण

जागरण संवाददाता रांची : आइआइएम रांची के 12वें स्थापना दिवस पर मंगलवार को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने कहा कि आइआइएम रांची के छात्र दुनिया में अपनी पहचान बना रहे हैं। इस संस्थान ने बहुत ही कम समय में सेंटर आफ एक्सीलेंस का दर्जा हासिल किया है। आइआइएम रांची वर्ल्ड क्लास एजुकेशन के लिए उत्कृष्टता केंद्र साबित होगा। वे आनलाइन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के विकास में आइआइएम और आइआइटी के विद्यार्थियों का अहम योगदान रहा है। आइआइएम रांची जैसी संस्थाएं युवाओं को व्यवसाय प्रबंधकों के रूप में सीमित करने की बजाय नए उद्यम के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करे।

जल्द शुरू होगी बिजनेस एनालिटिक्स की पढ़ाई : संस्थान के निदेशक प्रो. शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि आइआइएम, रांची की शुरुआत 40 छात्रों व 12 शिक्षकों के साथ हुई थी। अब यहां 46 फैकल्टी व 600 से अधिक छात्र हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही बिजनेस एनालिटिक्स कोर्स शुरू किए जाएंगे। इस मौके पर आइआइएम बोर्ड आफ गवर्नेंस के अध्यक्ष प्रवीण शंकर पंड्या ने कहा कि संस्थान का प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है। इस मौके संस्थान में 10 वर्षों की यात्रा पूरी करने पर डा. जयंत कुमार त्रिपाठी को सम्मानित किया गया।

Dainik Jagaran, 16.12.2020, Pg. 04